भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3753

11 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: **रोग प्रतिरोधी गन्ने के बीज**

3753. श्री राजीव रायः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में रेड रॉट के प्रति अतिसंवेदशील गन्ने की किस्म सीओ. 0238 को चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित करने के लिए बार-बार सलाह दिए जाने के बावजूद इसकी निरंतर खेती का आकलन किया है, यदि हां, तो जिले-वार कितना क्षेत्र अभी भी इस किस्म के अंतर्गत है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान आपूर्ति किए गए रोग प्रतिरोधी गन्ने के बीज का ब्यौरा क्या है और प्रतिस्थापन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलावार कितने किसानों को कवर किया गया है;

(ग) क्या सरकार ने गुणवत्तापूर्ण बीजों की कमी, विस्तार सहायता और किसान जागरूकता सहित अनुशंसित रोग प्रतिरोधी किस्मों को धीमी गति से अपनाने के कारणों का आकलन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) वर्ष 2021 से रेड रोट रोग के जिला-वार कितने मामले आए हैं; और

(ङ) फसल हानि के नुकसान को कम करने और उत्पादकता में सुधार लाने में प्रतिस्थापन कार्यक्रम के क्या परिणाम हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश में गन्ने की सीओ 0238 किस्म के अंतर्गत क्षेत्र वर्ष 2020-21 में 86% से घटकर वर्ष 2025-26 में 29% हो गया, जो इस किस्म के चरणबद्ध प्रतिस्थापन को दर्शाता है।

वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश में सीओ 0238 किस्म के तहत जिलेवार क्षेत्र और गन्ने के अंतर्गत कुल क्षेत्र का विवरण **अनुबंध-I में दिया गया है**।

(ख): विगत तीन वर्षों के दौरान, राज्य सरकार ने ब्रीडर, फाउंडेशन और प्राइमरी नर्सरियों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से रेड रोट रोग प्रतिरोधी गन्ने की किस्मों के बीजों का उत्पादन और वितरण किया है। विगत तीन वर्षों में राज्य सरकार द्वारा वितरित रोग प्रतिरोधी बीजों का जिलेवार ब्यौरा **अनुबंध-II में** दिया गया है।

(ग): राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, क्योंकि प्रारंभिक चरण में किस्म प्रतिस्थापन की गति धीमी थी। गन्ने की किस्म सीओ 0238 के अंतर्गत कुल कवरेज क्षेत्र का 86% से अधिक थी और गन्ने के बीज की गुणन प्रक्रिया में अपेक्षाकृत अधिक समय लगा था। तथापि, अब कई नई शीघ्र पकने वाली गन्ने की किस्मों जैसे सीओएस 19231, सीओएस 17451, सीओएस 18231, सीओएलके 16202, सीओएलके 15466, सीओ 15023 और मध्यम और देर से पकने वाली गन्ने की किस्मों जैसे सीओएस 16233, सीओएस 15233, सीओएलके 16470, सीओएलके 15206, सीओएलके 14204, सीओएलके 15207 की उपलब्धता के कारण किस्म प्रतिस्थापन की गति तीव्र हो गई है।

(घ): राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 से जिलेवार गन्ने में रेड रोट रोग से प्रभावित क्षेत्र का विवरण **अनुबंध-III में दिया गया है**।

(ङ): राज्य सरकार ने सूचित किया है कि किस्म प्रतिस्थापन कार्यक्रम के परिणामस्वरूप रोग के कारण फसल क्षति में कमी आई है। प्रति हेक्टेयर उपज वर्ष 2023-24 में 81.34 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 81.97 मीट्रिक टन हो गई है।

अनुबंध -I

वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश में सीओ 0238 किस्म के अंतर्गत जिलेवार क्षेत्र और गन्ने के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल का ब्यौरा:

(आंकड़े हेक्टेयर में)

जिला	**सीओ 0238 किस्म के अंतर्गत क्षेत्र**	**गन्ने के अंतर्गत कुल क्षेत्र**
सहारनपुर	55,391	1,19,406
मुजफ्फरनगर	94,102	1,76,916
शामली	50,083	79,057
मेरठ	1,02,796	1,57,825
गाजियाबाद	16,144	23,786
बुलंदशहर	52,721	82,333
बागपत	67,693	85,738
हापुड़	15,102	39,841
अलीगढ़	4,381	6,643
मथुरा	2	300
बिजनौर	1,14,993	2,55,484
रामपुर	8,681	30,613
मुरादाबाद	11,593	75,010
अमरोहा	45,175	1,00,474
संभल	19,017	43,882
बरेली	11,234	1,01,321
पीलीभीत	2,065	1,02,792
शाहजहांपुर	7,629	1,00,815
बदायूं	5,008	17,014
कासगंज	1,768	3,486
फर्रुखाबाद	3,113	7,788
कानपुर नगर	2,934	5,066
रायबरेली	551	2,797
सीतापुर	42,810	2,22,628
लखीमपुर	24,896	3,55,223
हरदोई	27,852	68,476
बाराबंकी	585	9,721
अयोध्या	7,385	44,688
सुल्तानपुर	748	8,622

जौनपुर	286	2,453
गाजीपुर	140	4,210
वाराणसी	19	2,349
अम्बेडकर नगर	1,405	19,853
बेहराइच	12,189	83,633
गोंडा	12,083	1,07,173
बलरामपुर	3,703	95,970
बस्ती	938	63,937
सिद्धार्थ नगर	1	387
गोरखपुर	4	2,723
महाराजगंज	218	18,776
कुशी नगर	9,236	96,603
देवरिया	2,199	13,985
मऊ	23	8,537
आजमगढ़	3	11,656
बलिया	21	1,359
कुल	**8,38,920**	**28,61,349**

अनुबंध - II

विगत 3 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा वितरित रोग प्रतिरोधी बीजों का जिलेवार विवरण

(आंकड़े क्विंटल में)

क्रम सं.	जिला	2023-24	2024-25	2025-26
1	सहारनपुर	2,99,735.6	3,24,982.9	2,30,689.4
2	मुजफ्फरनगर	2,96,940.5	7,31,612.2	3,82,851.1
3	शामली	3,04,838.7	4,08,459.9	1,53,651.8
4	मेरठ	1,64,179.9	2,16,388.2	1,54,958.7
5	बागपत	76,230.4	1,30,516.6	1,21,703.3
6	गाजियाबाद	18,039.5	32,391.3	37,036.9
7	हापुड़	66,181.9	75,415.4	66,800.2
8	बुलंदशहर	92,661.6	1,08,319.5	98,853.9
9	मथुरा	1,150.3	1,920.7	3,320.0
10	अलीगढ़	13,132.4	18,357.1	14,418.0
11	मुरादाबाद	1,01,351.8	1,41,496.3	97,323.2
12	रामपुर	61,090.4	99,345.0	60,863.1
13	अमरोहा	2,68,180.1	2,67,664.0	1,61,939.6
14	बिजनौर	4,49,918.5	5,75,272.2	4,58,909.1
15	संभल	76,038.9	1,09,757.9	90,220.7
16	बरेली	1,36,690.4	2,42,596.4	1,71,429.9
17	बदायूं	51,427.2	95,886.0	53,308.3
18	पीलीभीत	1,27,458.2	1,48,977.7	2,13,799.2
19	शाहजहांपुर	85,895.6	1,21,336.5	79,306.3
20	कासगंज	23,532.5	43,749.0	27,228.1
21	लखीमपुर खीरी	5,79,430.9	9,72,551.6	1,473,721.3
22	सीतापुर	2,21,172.5	3,15,128.7	4,34,982.0
23	रायबरेली	10,700.9	11,060.7	10,961.0
24	फर्रुखाबाद	17,907.2	14,338.8	8,694.0
25	हरदोई	78,520.5	87,327.2	83,038.3
26	कानपुर	6,755.0	6,365.1	2,848.3
27	अयोध्या	51,355.2	1,02,892.1	91,664.5
28	सुल्तानपुर	33,213.0	29,545.6	9,391.1
29	बाराबंकी	24,196.8	23,960.4	9,747.6
30	जौनपुर	16,935.2	14,001.1	9,478.0

31	गाजीपुर	14,860.8	11,813.1	9,004.5
32	वाराणसी	6,871.2	5,904.9	4,330.4
33	अम्बेडकर नगर	35,122.2	31,060.5	21,320.0
34	गोंडा	1,06,918.7	1,41,180.2	1,49,086.8
35	बलरामपुर	1,68,229.5	3,44,907.8	1,66,326.0
36	बहराइच	1,01,056.1	1,61,525.8	80,542.4
37	गोरखपुर	29,131.1	9,207.8	13,383.6
38	बस्ती	54,788.7	1,27,239.4	96,431.3
39	महाराजगंज	35,620.9	34,643.9	26,939.0
40	सिद्धार्थ नगर	4,249.9	3,144.6	4,654.0
41	कुशी नगर	1,65,920.2	3,33,622.1	1,76,448.8
42	देवरिया	19,749.1	25,219.4	21,362.2
43	मऊ	19,508.1	22,509.9	18,861.6
44	बलिया	7,527.2	8,355.9	4,145.0
45	आजमगढ़	80,118.8	80,571.7	70,483.5
कुल		**46,04,533.8**	**68,12,522.8**	**56,76,455.9**

अनुबंध -III

वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश में गन्ने में रेड रोट रोग से प्रभावित जिलेवार क्षेत्र (हेक्टेयर में)						
क्र.सं.	**जिला**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
1	सहारनपुर	0.0	0.0	32.0	40.0	12.6
2	मुजफ्फरनगर	0.0	2.5	88.8	39.6	1.8
3	शामली	0.0	0.0	21.1	11.0	0.1
4	मेरठ	0.0	0.0	17.7	0.0	48.7
5	बागपत	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
6	गाजियाबाद	0.0	2.7	0.0	0.0	0.0
7	हापुड़	0.0	242.4	0.0	0.0	11.4
8	बुलंदशहर	0.0	0.0	255.0	0.0	0.0
9	मथुरा	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
10	अलीगढ़	0.0	0.0	0.0	0.0	2.0
11	मुरादाबाद	7.0	0.0	5,752.0	2,613.2	842.1
12	रामपुर	0.0	0.0	1,090.0	38.0	314.0
13	अमरोहा	0.0	0.0	1,440.0	959.0	392.0
14	बिजनौर	5.6	75.8	4,396.0	3,826.6	3,116.9
15	संभल	1.7	13.0	298.7	115.8	1,198.0
16	बरेली	423.5	380.9	1,505.3	450.3	0.3
17	बदायूं	0.0	14.1	156.0	398.0	0.0
18	पीलीभीत	405.3	127.3	1,170.0	98.5	9.0
19	शाहजहांपुर	345.4	1,266.8	1,034.5	2,323.7	0.0
20	कासगंज	0.0	0.0	14.0	28.0	0.0
21	लखीमपुर	4,145.0	10,142.5	22,381.0	3,632.0	54.9
22	सीतापुर	0.0	1,046.4	4,179.0	1,884.7	64.4
23	रायबरेली	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
24	फर्रुखाबाद	0.0	0.0	0.0	80.0	0.0
25	हरदोई	0.0	3,312.0	14,751.0	10,633.4	256.5
26	कानपुर	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
27	अयोध्या	0.0	422.0	731.8	248.4	5.8
28	सुल्तानपुर	0.0	55.0	18.6	1.1	0.0
29	बाराबंकी	0.0	48.3	102.8	3.2	5.6
30	जौनपुर	0.0	5.8	11.0	0.0	0.0

31	गाजीपुर	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
32	वाराणसी	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
33	अम्बेडकर नगर	0.0	311.8	753.0	6.0	0.0
34	गोंडा	0.0	955.1	689.7	12.5	0.0
35	बलरामपुर	0.0	1,130.0	640.0	0.0	0.0
36	बहराइच	102.0	120.4	120.0	0.0	0.0
37	गोरखपुर	0.0	15.3	0.0	0.0	0.0
38	बस्ती	0.0	485.1	242.2	0.0	15.7
39	महाराजगंज	0.0	167.0	0.0	0.0	0.0
40	सिद्धार्थ नगर	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
41	कुशी नगर	0.0	6,839.0	32.0	0.0	19.9
42	देवरिया	0.0	440.0	18.0	0.0	0.3
43	मऊ	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
44	बलिया	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
45	आजमगढ़	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
कुल		**5,435.4**	**27,621.5**	**61,941.4**	**27,443.1**	**6,372.1**

*****